अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 474, वर्ष 37

राँची, 31 दिसम्बर, 2013

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक सम्पन्न

मुख्यालय, राँची के कोयला कक्ष में विगत 26 दिसंबर को हमारे अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री गोपाल सिंह की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर श्री धीरज प्रसाद साहू, माननीय राज्य सभा सांसद एवं राजभाषा प्रेक्षक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

श्री सिंह ने पिछली तिमाही रिपोर्ट की समीक्षा की और राजभाषा हिन्दी के कार्य में और बेहतर कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सीसीएल में राजभाषा हिन्दी में बेहतर कार्य हो रहा है। हमारे लिए सबसे आवश्यक ये है कि हम हिन्दी की महत्ता को समझे। राष्ट्र की सीमा के अन्दर कोई भी व्यक्ति कहीं भी जाय, उसे किसी एक भाषा में विचार व्यक्त करने की आजादी होनी चाहिए। हिन्दी के प्रचार–प्रसार का मतलब यह नहीं कि वह बाकी भाषाओं को न सीखें,

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में संबोधित करते हुए सीएमडी एवं प्रेक्षक

बल्कि हिन्दी के साथ–साथ स्थानीय/मातृभाषा और अंग्रेजी का भी ज्ञान आज के युग में आवश्यक है। उन्होंने हिन्दी में श्रेष्ठ कार्य करने वाले क्षेत्रों को बधाई दी एवं सभी क्षेत्रों को हिन्दी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री सिंह ने प्रेक्षक महोदय को बैठक में शामिल होने एवं राजभाषा में कार्यालयीन कार्य करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए आभार प्रकट किया।

मुख्य अतिथि माननीय सांसद राज्य सभा श्री धीरज प्रसाद साहु ने समारोह में उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए सीसीएल और इसके कार्यक्षेत्र में सरल हिन्दी भाषा के प्रयोग पर बल दिया। उन्होंने सीसीएल प्रबंधन का आहवान किया कि यहां के कर्मचारी एवं अधिकारी कार्यालयीन दिनचर्या में सरल राजभाषा हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग करें क्योंकि यह श्रमिकों की भाषा है। मंच संचालन श्रीमती निवेदिता बनर्जी, वरीय अधिकारी (राजभाषा) ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री उदय प्रकाश, मुख्य प्रबंधक (का/औ. संबंध) ने किया।

खीस्त जयंती मिलन समारोह – 2013

हमारे देश की विविधता में एकता की परंपरा को चरितार्थ करते हुए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 दिसंबर को सीसीएल, मुख्यालय स्थित 'विचार मंच' में खीस्त जयंती मिलन समारोह–2013 का आयोजन किया गया जिसमें सीसीएल के निदेशक (तक/संचा) श्री टी के नाग मुख्य अतिथि थे जबकि श्री आर आर मिश्र, निदेशक (कार्मिक) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अतिथियों का कार्यक्रम स्थल पर पहुँचने पर

केक काटते हुए मुख्य अतिथि निदे. (तक./संचा.) एवं विशिष्ट अतिथि निदे. (का.)

परम्परानुसार हाथ मिलाकर तथा गुलदस्ता प्रदान कर स्वागत किया गया।

श्री नाग तथा श्री मिश्र ने दीप प्रज्जवलित कर तथा केक काटकर कार्यक्रम का विधिवत उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर श्री नाग ने अपने आर्शीवचन में प्रभु यीशु–मसीह के शांति एवं आपसी भाई–चारे के संदेश को अपने जीवन में आत्मसात करने की बात कही। आर्केस्ट्रा पार्टी ने भजन, गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। मंच संचालन श्री मार्शल टुडू एवं अलका कुजूर ने किया।

जरी में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

अमर शहीद, परमवीर अलबर्ट एक्का के शहादत दिवस पर 3 दिसंबर, 2013 को गुमला जिला स्थित उनके गाँव ''जरी'' में अपने निगमित सामाजिक उत्तरादायित्व (सी. एस. आर.) के अन्तर्गत सीसीएल, गांधीनगर केन्द्रीय अस्पताल, राँची के चिकित्सकों – डा. मंजु मिश्रा, डा. कैलाश प्रसाद, डा. अमरेश प्रसाद, डा मुर्मू द्वारा एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 70 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा उन्हें निःशुल्क दवाइयाँ एवं आवश्यक चिकित्सीय सलाह दी गई। इसके साथ ही सीसीएल चिकित्सक दल के सदस्यों एवं अधिकारियों ने स्व. एक्का की धर्म–पत्नी श्रीमती बलमदिना एक्का से उनके घर में जाकर मुलाकात किया और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली एवं उनके परिवार के कुशल–क्षेम की भी जानकारी ली।

ज्ञातव्य हो कि जरी गांव को सीसीएल द्वारा गोद लिया गया है और इसी के आलोक में समय–समय पर चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है। कम्पनी द्वारा जरी निवासियों के लिए सोलर लाइट हेतु रू. 50 (पचास) लाख की धन राशि भी उपलब्ध कराई जा चुकी है। बहुत शीध्र जरी गाँव में नाली निर्माण का कार्य किया जाना है जिसकी स्वीकृति

शिविर में जांचरत चिकित्सक दल

सीसीएल प्रबंधन द्वारा मिल चुकी है। भविष्य में खेती–बाड़ी के लिए सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक योजना बनाई जा रही है ताकि ग्रामीणों के खेतों को पानी मिल सके और उनके रोजगार में वृद्धि हो सके। मौके पर उपस्थित सीसीएल सी.एस.आर. विभाग के श्री एस डी सिंह, वरीय प्रबंधक (सिविल) एवं श्री आर के दसौंधी, सहायक अभियंता, सिविल ने सिंचाई हेतु स्थल का भी निरीक्षण किया।

केन्द्रीय अस्पताल, डकरा में रक्तदान शिविर

''रक्तदान महादान, एक बूंद खून किसी का जीवन बचा सकता है''

विगत 28 दिसंबर को डकरा (एन के) क्षेत्र स्थित डकरा केन्द्रीय अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 32 लोगों ने रक्तदान किया तथा कुल 32 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।

रक्तदान शिविर में सी. आई. एस. एफ. के जवानों, सीसीएल कर्मियों एवं स्थानीय युवाओं ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया। शिविर का आयोजन गांधीनगर केन्द्रीय अस्पताल, रांची के ब्लड डोनेशन टीम के सदस्यों– डा. के. के. दास, डा. सीमा कच्छप, पारामेडिकल कर्मी, श्री वीरेन्दर कुमार, श्री ए के गुप्ता एवं अन्य कर्मियों एवं डकरा अस्पताल कर्मियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक, जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निवेदिता बनर्जी, वरीय अधिकारी (रा.भा.), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)